तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 डॉ मुखर्जी के सपनों को पूरा कर रहे मोदी : जोशी





12 घरों में भी घूमने लगा स्मार्ट मीटर, कुछ माह ...




## खबर संक्षेप

### मोमबत्ती की रोशनी में जुआ, पांच गिरफ्तार

**बालोद।** जिले की अर्जुंदा पुलिस ने जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों के कब्जे से 2200 रुपए जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों पर धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है। अर्जुन्दा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विमल पटेल, नंद कुमार निर्मलकर, धनसिंह निर्मलकर, राजेश कुमार नायक, दिनेश जोशी सहित अन्य जुआरी अपने ग्राम गब्दी में सोसायटी के सामने नीलगिरी नर्सरी के पास खेत में रात को मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे थे। इस बीच पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर वहां दबिश देकर पांचों जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर मोमबत्ती, एक डब्बी माचिस, ताश 2200 रूपए नगद बरामद किया। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही कुछ जुआरी फरार हो गए, जबकि शेष पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### वनमंत्री केदार कश्यप की पत्रवार्ता आज

**बालोद।** जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में 25 जून को शाम 4 बजे आपातकाल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस रखा गया है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस मे छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप व जिला अध्यक्ष पवन साहू उपस्थित रहेंगे।

### माता कर्मा कालेज गुण्डरदेही में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

**गुण्डरदेही।** नगर के माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही में बीए प्रथम वर्ष हिंदी साहित्य, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, बीकाम प्रथम वर्ष एवं बीएससी गणित प्रथम वर्ष, बीएससी बॉयोलाजी प्रथम वर्ष, पीजीडीसीए एवं एमए हिन्दी में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जून से 31 जुलाई के बीच प्रवेश ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। यह सुविधा नजदीकी कंप्यूटर सेंटर्स एवं महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग में भी उपलब्ध है। इस वर्ष महाविद्यालय में सेमेस्टर पद्धति से पढ़ाई की जाएगी।

### बालोद में मेगा प्लेसमेंट 27 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में गुरूवार 27 जून को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 3 नियोजकों द्वारा 905 पदों पर भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी अस्पताल ग्राम चिखली, जेवरा, सिरसा, धमधा रोड दुर्ग द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर के 06–06 पद, डेंटिस्ट के 02 पद, फिजियोथैरेपिस्ट के 01, ओटी टेक्नीशियन के 03 पद, ऑप्थेलेमिक टेक्नीशियन के 02 पद, पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन के 03 पद, नर्सिंग स्टॉफ 30 पद, डायलिसिस टेक्नीशियन के 40 पद, फील्ड ऑफिसर के 20 पद, इलेट्रिरशीयन के 04 पद, ड्राईवर के 10 पद, मैनेजर के 01 पद, कम्प्यूटर ऑरेटर के 05 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि आवेदक की उम्र 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह द ज्ञान रश्मि ग्रुप ऑफ स्कूल कांकेर द्वारा प्राथमिक शिक्षक के 06 पद, माध्यमिक शिक्षक के 05 पद तथा हाई स्कूल के शिक्षक के 03 पद, प्रबंधक के 01, ड्राईवर के 02 तथा भृत्य के 02 पदों पर भतऍं की जाएगी। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 100 एवं 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद तथा लेबर के 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस में केवल पुरुष अभ्यर्थी ही भर्ती में शामिल हो सकते हैं।

# आपराधिक अधिनियमों में हुए परिवर्तनों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के शासकीय पीजी कॉलेज के सभागृह में क्रिमिनल लॉ एंड एक्ट के तहत आपराधिक विधि अधिनियमों में हुए परिवर्तनों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश जिला एवं सत्र न्यायालय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, प्रणीश चौबे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, सहित कलेक्टरेट कार्यालय के अधिकारी, परिवार न्यायालय एवं जिला न्यायालय की टीम, पुलिस प्रशासन की टीम, एडवोकेट के सदस्य, डॉक्टर्स, अभियोजन अधिकारी, के अलावा इस कार्यशाला में ज़िले से विधि विशेषज्ञ,, वकील और कानून के छात्र के साथ ही नगर पालिका अधिकारी एवं पीजी कॉलेज बेमेतरा के प्रचार्य डॉ. टी.पी. चन्द्रवंशी, पार्षदगण एवं मीडिआ के साथी उपस्थित थे।

कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान न्यायधीश जिला एवं सत्र न्यायालय बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने संबोधन में आपराधिक न्याय प्रणाली में हाल ही में किए गए संशोधनों की महत्वपूर्णता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ने नये क़ानून के बारे में बताते हुये कहा कि हम सभी जानते हैं कि कानून व्यवस्था बनाए ▶▶| शेष पेज 13 पर

## शासकीय पीजी कॉलेज के सभागृह में हुई एकदिवसीय कार्यशाला




### कानूनों में बदलाव की दी गई जानकारी

न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बेमेतरा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम की धारा-144 पत्नी, संतान और माता पिता के भरण पोषण एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में हुए नवीन बदलाव की जानकारी प्रदान की गई। देवेन्द्र कुमार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 से संबंधित नवीन धाराओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में हुए नवीन परिवर्तन के बारे में बताया गया। कार्यशाला में निधि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने विधिक सेवा प्राधिकरण के गठन व कार्य के बारे मे बताते हुए पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना व हिट एण्ड रन स्कीम के तहत पीड़ित क्षतिपूर्ति के प्रावधानों से संबंधित अधिनियमों के बारे में बताया। नेशनल ▶▶| शेष पेज 13 पर

## कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नीट पेपर लीक मामले में शहर कांग्रेस कमेटी एवं एनएसयूआई ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का जिला मुख्यालय पर पुतला दहन करते हुए जमकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा की सरकार में देश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं जिससे छात्र-छात्राओं तथा उनके परिवारों में गुस्सा व्याप्त है। नीट मामले में पूरे देश में छात्र आंदोलन कर रहे हैं । पूरे मामले में सरकार की कार्यवाही से नाराज छात्र चाहते हैं कि यह परीक्षा रद्द की जाए। पहले तो सरकार ने ग्रेसिंग मार्क को सही ठहराया और बाद में पूरे देश में आंदोलन के बाद इसे हटा दिया। सरकार के इस ढुलमुल रवैए से छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य को लेकर चिंता सताने लगी है। वहीं, इसके विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर उनके इस्तीफे की मांग की गई।

### प्रदर्शन में शामिल

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, जोगेंदर छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, राजू साहू, जया साहू, रानी सेन, धरम वर्मा, राजा चोबे अध्यक्ष जिला युवक कांग्रेस, सुनील नामदेव, हरीश साहू, प्रशांत तिवारी, जनता साहू, शंकर चौहान, प्रतीक दुबे, ऋतिक तिवारी, प्रकाश साहू,सीताराम यदु, वतन मिश्रा, रवि गुप्ता, देवशरण गोस्वामी, गोलू साहू, भीखम साहू, राहुल जोशी, सूरज, उत्पल गायकवाड़ सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमीन पर पड़ी रहीं महापुरुषों की तस्वीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कुछ दिनों पूर्व शहर में आए आंधी तूफान से बहुत से पेड़, बिजली खंभे के साथ-साथ शहर में स्थित एक मात्र कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय का टीन शेड भी क्षतिग्रस्त हो गया। जिम्मदारों ने वहां रखे अन्य सामान तो हटा लिए, पर शिक्षा की देवी मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जैसे महापुरुषों के फोटो 15 दिन से जमीन पर धूल मिट्टी खाते पड़े रहे। यहां से महज 10 मीटर की दूरी पर जिला शिक्षा अधिकारी का कार्यालय है, मगर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी की नजर नहीं पड़ी।

इसको संज्ञान में लेकर कांग्रेस के नेताओं ने घटनास्थल में जाकर निरीक्षण किया औऱ उक्त फोटो को सम्मान के साथ उठा कर ले आए। कांग्रेसियों का कहना है कि इन फोटो को पूरे सम्मान के साथ जिला शिक्षा अधिकारी को सौंप दिया जाएगा। कांग्रेसियों ने उक्त लापरवाही की घोर निन्दा की है और जवाबदार लोगों पर कार्यवाही की मांग करते हुए स्कूल की बदहाल व्यवस्था, शिक्षक की कमी जैसी समस्या को लेकर 27 जून को जिला शिक्षा कार्यालय का शहर कांग्रेस, युवक कांग्रेस एनएसयूआई ने घेराव का अल्टीमेटम दिया है।

निरीक्षण के दौरान सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ,शकुनता मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका, लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,पार्षद रश्मि मिश्रा, रेहाना रवानी,रानी सेन, राजू साहू, जया साहू, कुमार वर्मा पूर्व पार्षद, सुरेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कवर्धा जाते गृहमंत्री शर्मा शहर में रुके, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा अपनीकवर्धा प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित रेस्ट हाउस में रुके जहाँ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया इस दौरान उनसे क्षेत्र की समस्याओं, विकासकार्यों सहित कानून व्यवस्था पर अंचल के नेताओं ने चर्चा की। मंत्री विजय शर्मा ने भाजपा नेताओं की बात को गंभीरता से लेते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में कार्यकर्ताओं की बात प्रमुखता से सुनी जाएगी। गृह मंत्री से मुलाकात करने वालों में प्रमुख रुप से विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, निखिल साहू, नीलू राजपूत, धर्मेंद्र साहू, नंदु राठी, दीपक मोटवानी, योगेश वर्मा, गोपी देवांगन, दीनानाथ साहू, टिकेश्वर साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## जिस भाषा में बच्चे अच्छी तरह समझते हैं, उन्हें उसी में समझाएं

### सेजेस कन्या बेमेतरा में एफएलएन पर आधारित प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नई शिक्षा नीति 2020 के तहत एफएलएन पर आधारित प्रशिक्षण का समापन सेजेस कन्या बेमेतरा ज़ोन क्रमांक एक में हुआ। इसमें 16 संकुलों के प्राथमिक विभाग के आधे शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की शुरुआत डीआरजी धनीराम बंजारे के द्वारा नई शिक्षा नीति में ई जादुई पिटारा पर विशेष रूप से चर्चा किया गया एवं एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सभी प्रशिक्षणार्थियों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी ज्ञान कक्षा पहली से तीसरी के बच्चों में खेल-खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से कैसे लाया जाए।

डीआरजी प्रीतम चंद्राकर ने भाषा शिक्षण के चारों मॉडल मौखिक गणित वर्णों का पहचान पठन कौशल एवं लिखित कौशल एवं नवा जतन के सात बिंदु स्वयं से सीखना, गली मित्र, विषय मित्र, पियार लर्निंग पर विशेष चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि कैसे बच्चों में बुनियादी कौशल लाने के लिए एक शिक्षक को सजग होकर बच्चों में 4 प्लस 1 प्लस 1 से बुनियादी साक्षरता प्राप्त कर सकते हैं। डीआरजी अब्दुल इमरान खान ने पुस्तकालय एवं बहुभाषी शिक्षण पर चर्चा कर बहुभाषी शिक्षा पद्धति के आधारभूत आयामों को समझाया। एफएलएन प्रशिक्षण के द्वितीय चरण के समापन पर डाइट बेमेतरा से वरिष्ठ व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं राजकुमार वर्मा ने प्रशिक्षण की आवश्यकता को लेकर चर्चा की। साथ ही प्रशिक्षण में सीखें सभी नवाचार को बच्चों तक शत प्रतिशत लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस भाषा में बच्चे सबसे अच्छी तरह समझते हैं अर्थात बच्चों की मातृभाषा का अधिक से अधिक हमें उपयोग करना चाहिए।

## यात्री प्रतीक्षालय से कुर्सियां गायब

बेमेतरा। शहर के दुर्ग स्टेट हाईवे में सिंघौरी स्थित यात्री प्रतीक्षालय का हाल खस्ताहाल है। नगर पालिका प्रशासन ने इलाके के यात्रियों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियां असामाजिक तत्वों ने तोड़कर गायब कर दी है। लिहाज़ा बिना कुर्सी के यात्री प्रतीक्षालय शहर की नगरीय प्रशासन की फजीहत करा रहा है। आम लोग यात्री प्रतीक्षालय के चबूतरे पर ही बैठकर बसों व वाहनों के आने का इंतज़ार कर रहे हैं। आमजनमानस को इन दिनों नगर पालिका की सुस्त व उदासीन कार्यशैली के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही असामाजिक लोगों द्वारा शहर के अन्य इलाकों में इसी तरह नुकसान किया जा रहा है। वहीं, नगरीय प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं।




## सांस्कृतिक कला समूह शिक्षा विभाग नवागढ़ की टीम को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लोकसभा निर्वाचन 2024 सम्मान समारोह जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणवीर शर्मा के द्वारा नवागढ़ ब्लाक के शिक्षक शिक्षिकाओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाने तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कला मंच शिक्षा विभाग नवागढ़ के शिक्षक शिक्षिकाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता के लिए एक नई पहल करते हुए शिक्षकों की 21 सदस्यी टीम तैयार कर छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति को संजोते हुए छत्तीसगढ़ी परिधान में ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीप कार्यक्रम में प्रस्तुति दिए। सम्मान समारोह में सम्मानित शिक्षक महेश कुमार साहू, शान्त कुमार पटेल, जॉनी मारकंडे, रामकुमार साहू, संजय मस्तके, परमेश्वर साहू, नरेंद्र जायसवाल, डूमन लाल साहू, भीखम देवांगन, किशन कुमार, दीपक यादव, साधना साहू, अर्चना ढोबले, प्रेक्षा साहू, संजीवा राय, समता सोनी, सुमन लता साहू, कामती ठाकुर, गोपेश्वरी साहू, मंजू भारद्वाज, अनीता भैना सम्मानित हुए। जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ लोकनाथ बांधे व बीआरसी नवागढ़ सोनू राम साहू ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

सम्मान समारोह में टीम द्वारा शाला प्रवेश उत्सव गीत ए नोनी वो नोनी वो खुल गे हे स्कूल चल जाबो पर शानदार प्रस्तुति भी दी गई। सम्मान प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ी भाषा के जिला नोडल व डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू, डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे एवं डाइट बेमेतरा टीम ने हर्ष व्यक्त कर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा दिसंबर में

**बेमेतरा।** भारतीय थलसेना द्वारा माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक परीक्षा आगामी माह दिसंबर 2024 में आयोजित होना प्रस्तावित है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, अपना नाम एवं विवरण जिला रोजगार कार्यालय, बेमेतरा में दर्ज करा सकते हैं, ताकि शारीरिक परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा सके।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# सराफा चुनाव में जबर्दस्त माहौल, परिणाम आते ही ढोल-बाजे के साथ मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार बैलेट पेपर से हुए चुनाव के दौरान बहुत जबर्दस्त माहौल रहा। सुबह से लेकर रात तक पुजारी पार्क के मानस भवन के सामने भारी भीड़ जमी रही। सड़क पर लगे पंडाल के कारण पुलिस प्रशासन ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था।

सराफा एसोसिएशन के 30 साल से ज्यादा पुराने इतिहास में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई। इसके पहले एक बार बिलासपुर में करीब 8 साल पहले चुनाव हुआ था तो वहां पर पर्ची से मतदान किया गया था, लेकिन पहली बार बैलेट पेपर से मतदान हुआ और चुनाव की पूरी प्रक्रिया भी हुई, इसको लेकर भारी उत्साह रहा।




### जीत के बाद झूमे कारोबारी

देर शाम को परिणाम आने के बाद एकता पैनल के विजेता कमल सोनी, प्रकाश गोलछा और हर्षवर्धन जैन के साथ पैनल के सदस्यों ने जोरदार जश्न मनाया। ढोल-बाजे पर सभी थिरकते नजर आए। जीत के बाद अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा, हमने जो भी वादे चुनाव के पहले किए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। प्रदेश के सराफा कारोबारियों के हित में काम करेंगे।

### प्रदेशभर के कारोबारी पहुंचे

सराफा चुनाव में यूं तो प्रदेशभर के 91 एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष को मिलाकर कुल 273 ही मतदाता थे, लेकिन चुनाव के लिए केवल मतदाता ही नहीं, प्रदेशभर के एसोसिएशन के सराफा कारोबारी सदस्य भी भारी संख्या में रायपुर पहुंचे। सुबह से ही सभी मानस भवन में जुटे। चूंकि मतदान केंद्र के अंदर जाने की समर्थकों के साथ किसी को भी अनुमति नहीं थी, ऐसे में सड़क पर ही एकता और जय पैनल के सदस्यों ने अपने पंडाल बना रखे थे। हर आने वाले मतदाता से पैनल के प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक मिलते रहे और उनसे सहयोग की अपील की।



## खबर संक्षेप

### युवाओं को रोजगार देना भूली सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गांरटी के नाम से युवाओं को एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती एवं युवाओं को रोजगार के लिए कर्ज देने और कर्ज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का वादा किया था। उस दिशा में बीते 6 महीने में कुछ काम नहीं हुआ है। सत्ता मिलने के बाद भाजपा युवाओं से किए वादे को भूल गई। अभी 33 हजार पदों पर भर्ती के लिए सिर्फ बयानबाजी चल रही है, पर नतीजा साफ नहीं हो रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया कांग्रेस की सरकार के दौरान ही बनी थी। आज भी उसमें से 50 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं, उसमें भी युवाओं को अवसर मिलना चाहिए।

### सहकारिता निरीक्षकों की पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य सेवा परीक्षा परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। चयनित निरीक्षक कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर रहेंगे। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, रुखसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इंद्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, घनेंद्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पदस्थ किया गया है।

### भाजपा आज मनाएगी हर जिले में आपातकाल का काला दिवस

**रायपुर।** आपातकाल का काला दिवस आयोजन समिति के प्रांत संयोजक सच्चिदानंद उपासने ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी। कांग्रेस की सत्ता की लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया।

### रायपुर संभाग में टाटा कंपनी लगाएगी 18 लाख से ज्यादा मीटर, लगना प्रारंभ हो चुका

# घरों में भी घूमने लगा स्मार्ट मीटर, कुछ माह पोस्टपेड, फिर बिजली के लिए प्री-पेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में हर वर्ग के उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। हालांकि सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदलने में करीब दो साल का समय लगेगा। पॉवर कंपनी के पास एक लाख स्मार्ट मीटर का स्टॉक आ गया है। अभी महज 14 सौ मीटर लगे हैं, लेकिन अब इनके लगाने की रफ्तार बढ़ेगी। इसी के साथ सरकारी दफ्तरों, फीडरों, ट्रांसफार्मरों में भी मीटर लगाने का काम चल रहा है।

रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी को मिला है। स्मार्ट मीटर वैसे तो प्रीपेड ही होंगे, लेकिन तत्काल में इसको प्रीपेड नहीं किया जा रहा है। कुछ समय कनेक्शन पोस्टपेड ही रहेंगे। इसके बाद पूरी व्यवस्था होते ही सभी कनेक्शन प्रीपेड कर दिए जाएंगे। ऐसा होते ही रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। इन मीटरों की कई तरह की खासियत है। सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम हो रहा है। साथ ही दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शनों में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। यहां भी काम चल रहा है। प्रदेश में कुल मिलाकर 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### रायपुर में डीडीनगर से शुरुआत

राजधानी रायपुर में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर बदलने का काम डीडीनगर से प्रारंभ किया गया है। डगनिया सब्जी बाजार के पास एनएल शुक्ला के घर पर एक दिन पहले ही स्मार्ट मीटर लगा है। एलआईसी का काम करने वाले श्री शुक्ला ने बताया, अभी तो कुछ कह नहीं सकते, एक माह बाद जब बिल आएगा तो समझ में आएगा कि पुराना मीटर ठीक था या फिर यह ठीक है। साईं मंदिर के पीछे तीजूराम वर्मा के घर पर भी स्मार्ट मीटर लगाया गया है। डीडीनगर के साथ ही शहर और भी कई इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। मीटर लगाने का काम ठेका लेने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी कर रहे हैं। इनको उपभोक्ताओं की सूची डीसी सेंटर उपलब्ध करा रहे हैं। पहले सिंगल फेस के मीटर बदले जा रहे हैं।



### सभी वर्गों के मीटर बदल रहे

घरेलू के साथ सभी वर्गों के मीटर बदलने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। अभी एक लाख मीटरों का स्टॉक आ गया है।


**- राजेंद्र प्रसाद,** योजना सीई, पॉवर कंपनी

### बिजली चोरी नहीं होगी संभव

स्मार्ट मीटर की एक नहीं, बल्कि थोक में कई तरह की खासियत है। योजना के सीई राजेंद्र प्रसाद के मुताबिक इन मीटरों के लगने से सही खपत करने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। जो उपभोक्ता गड़बड़ी करके बिजली चोरी करते हैं, उनको तगड़ा झटका लगेगा। इन मीटरों के लगने के बाद कंट्रोल रूम में बैठकर एक-एक उपभोक्ता की खपत पर नजर रखना संभव होगा। अगर किसी उपभोक्ता की खपत दिन में ज्यादा और रात में कम होगी या फिर कभी भी खपत कम-ज्यादा होगी तो ऐसे उपभोक्ता की जांच करके गड़बड़ी को पकड़ा जाएगा। मीटर में हर 15 मिनट की खपत देखने की व्यवस्था है। कब कितनी खपत की गई है, किस समय कितने लोड का उपयोग हो रहा है। उपभोक्ता ने कितना लोड लिया है और उसकी खपत कितनी हो रही है। कुल मिलाकर रीयल टाइम डाटा देखने की पूरी सुविधा मीटर में है। मीटर में सालभर से ज्यादा की खपत का रिकॉर्ड भी देखा जा सकेगा।

### ईसीजी मशीन में की तोड़फोड़

## आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ दफ्तर में युवक ने किया हंगामा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पिता की मृत्यु की खबर से आक्रोशित हुआ युवक

चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान पिता को मृत बताने से बौखलाए युवक ने आंबेडकर अस्पताल के केजुअलटी चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में हंगामा कर दिया। मौजूद स्टाफ से दुर्व्यवहार करने के बाद उसने ईसीजी मशीन तोड़ दी। सूचना पर पुलिस ने हस्तक्षेप के बाद मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार विजय नगर निवासी एक मरीज को रविवार शाम आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की मृत्यु की सूचना पर पुत्र मनोज सिकदार आपा खो बैठा और उसने आपात चिकित्सा कक्ष में मौजूद चिकित्सकीय स्टाफ से बदतमीजी शुरू कर दी। इसके बाद वह बाहर निकला और ईसीजी मशीन को नुकसान पहुंचा दिया। घटनास्थल पर मौजूद गार्ड ने उसे रोका और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में मामले की नजाकत को समझते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।

मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है।

■ बीज निगम ने कहा- दोनों किस्म के बीजों की कमी नहीं

## सोसायटियों में नहीं मिल रहे स्वर्णा-महामाया धान के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून शुरू होने के बाद किसान अपने खेतों में धान उगाने की तैयारी में हैं, लेकिन किसानों की शिकायत है कि सोसायटियों में उन्हें स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज नहीं मिल रहे हैं। रायपुर जिले में यह शिकायत धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों की ओर से आई है, जबकि बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक बीजों का भंडारण किया गया है। इन दोनों प्रकार के बीजों की कोई कमी नहीं है।

धरसींवा-तिल्दा क्षेत्र के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार उनके क्षेत्र की सोसायटियों में स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज सोसायटियों में उपलब्ध नहीं हैं। महामाया एक मोटे किस्म का धान का बीज है, स्वर्णा भी मोटे किस्म के धान बीज की श्रेणी में आता है, लेकिन इसक चावल कुछ पतला होता है। किसानों का ये कहना भी है कि सही समय पर धान बीज का परिवहन न होने के कारण ये स्थिति बनी है। मानसून सीजन की शुरुआत में दो बार से अधिक बारिश होने के बाद किसान अब धान बोने की तैयारी में हैं, लेकिन पसंद का बीज नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रहे बीज



### अभनपुर क्षेत्र में उपलब्ध बीज

धान बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेने अभनपुर क्षेत्र की तोरला सोसायटी से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि वहां स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीज उपलब्ध हैं। अधिकांश किसान ये धान बीज ले जाकर बुआई भी कर चुके हैं। अभी भी तोरला सोसायटी में 15 क्विंटल महामाया और 35 कट्टा स्वर्णा के बीज उपलब्ध हैं। सोसायटी वाले बीज के उठाव के लिए किसानों के इंतजार में हैं। दूसरी ओर बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीजों की कोई कमी नहीं है। पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक भंडारण सोसायटियों में किया जा चुका है। बीज निगम के एक अधिकारी ने ये भी कहा कि किसी भी किसान को इन दोनों किस्मों के धान बीज चाहिए तो वे बीज निगम से संपर्क कर ले सकते हैं।

## बैज बोले- पीएम आवास पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार



■ भाजपा सरकार आने के बाद हितग्राहियों को एक रुपए भी नहीं दिया गया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था, जबकि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। सरकार ने गरीबों को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं, वे कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। केंद्र सरकार बताए कि 18 लाख आवासों में से कितने स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अभी तक किसी हितग्राही के खाते में एक रुपए भी नहीं डाला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रुपए नहीं भेजा है। पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। छत्तीसगढ़ के लिए कुल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 21 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा रविवार 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 8 जुलाई तक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त के अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास आवासीय विद्यालय योजना महत्वकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है।

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है।




### 148 सीटें खाली

प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम होगा। प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र कक्षा 10वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

■ एनजीटी की गाइड लाइन का किसी भी जिले में नहीं हो रहा पालन

## दो किमी दूर का नियम, पर नदी से 500 मीटर के भीतर ही कर रखा रेत का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार रेत का भंडारण नदी से दो हजार मीटर दूर किया जाना है, लेकिन इस नियम का भी जिले की खदानों में पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार और माफिया के गुर्गों ने नदी के 500 मीटर के अंदर ही रेत का जगह-जगह भंडारण कर दिए हैं। इनमें ज्यादातर अवैध रूप से किए गए भंडारण है। कई जगह तो पहाड़ के रूप में भंडारण दिख रहे हैं। खनिज विभाग की टीम लगातार इन खदानों का निरीक्षण करने का दावा करती है। ऐसे में नियम विरुद्ध व अवैध रूप से किए गए रेत के भंडारण पर कार्रवाई नहीं करना, कहीं न कहीं विभाग के अधिकारी व निरीक्षण टीम भी सवालों के घेरे में है। खदानों पर 15 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद हरिभूमि की टीम ने रेत खदानों की पड़ताल की थी। इस दौरान कई खदानों में ठेकेदार और माफिया के गुर्गे प्रतिबंध के बावजूद रेत का उत्खनन व परिवहन करते मिले। इस पड़ताल के दौरान कई खदानों में नदी से 500 मीटर की दूरी पर रेत के जगह-जगह भंडारण भी मिले थे, जिसे ठेकदार और माफिया के गुर्गों ने बारिश के सीजन को देखते हुए किया था।




### *अवैध भंडारण पर होती है कार्रवाई*

*शिकायत मिलने पर अवैध रेत भंडारण पर भी कार्रवाई की जाती है। जिले में कहीं-कहीं कार्रवाई की गई है। इस मामले में भंडारण करने वालों का पता लगाकर उन पर जुर्माना लगाया जाता है। नदी किनारे अवैध भंडारण की शिकायत नहीं मिली है।*

*- **केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग*

**इन जगहों पर हैं रेत के अवैध भंडारण :** आरंग क्षेत्र के राटाकाट, बेनीडीह, पारागांव, कुम्हारी सहित अन्य खदानों के पास नदी के 500 मीटर दूरी पर जगह-जगह कई जगह पर रेत के अवैध भंडारण है। इसके अलावा नदी से लगे आसपास के गांव के खाली जमीनों पर भी कई जगह पर रेत के पहाड़नुमा भंडारण हैं। विभागीण सूत्रों के अनुसार जिले में रेत भंडारण के लिए सिर्फ 14 जगहों पर ही अनुमति दी गई है, जबकि सैकड़ों जगह पर अवैध रूप से भंडारण है।

### बारिश में धीरे धीरे बह गई

बारिश का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में जिले में कुछ जगहों पर तहसील और विभाग स्तर की कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध भंडारण मामले में कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद भंडारण रेत अभी भी उसी जगह पर डंप है। बारिश होने पर भंडारण रेत धीरे-धीरे बारिश के पानी के साथ बह भी जाती है। इसका फायदा माफिया उठा सकता है। रेत को यहां से गायब कर बारिश के पानी में रेत बह गई इसका बहाना भी बनाया जा सकता है। इस बहाने का फायदा विभाग के अधिकारी भी उठा सकते हैं, क्योंकि कार्रवाई के बाद अधिकारी डंप रेत को देखने तक नहीं जाते हैं।


### ऑडिट रिपोर्ट से हुआ खुलासा

*निकायों को हो रही आर्थिक क्षति*

## नगरीय निकायों ने नहीं लगाए कैपेसीटर 40 प्रतिशत तक ज्यादा आ रहा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकायों के दक्षता संपरीक्षा प्रतिवेदन (ऑडिट रिपोर्ट) से यह बात सामने आई है कि नगरीय निकायों द्वारा मोटर पंपों, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य विद्युत उपकरणों में कैपेसीटर नहीं लगाए जाने से हर महीने अधिक विद्युत खपत एवं कैपेसीटर अधिकारी के रूप में निकायों को 6 से 40 प्रतिशत अतिरिक्त विद्युत व्यय देना पड़ रहा है। इसकी वजह से निकायों पर वित्तीय बोझ बढ़ने के साथ ही आर्थिक क्षति भी हो रही है। दक्षता संपरीक्षा प्रतिवेदन में बताया गया है कि बिलासपुर नगर निगम और नगर पंचायत बलौदा में जांच से यह तथ्य सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक पॉवर फैक्टर, विद्युत मंड़ल द्वारा उपलब्ध कराई गई विद्युत उर्जा के उत्पादक कार्य के लिए उपयोग का प्रतिशत होता है। पॉवर फैक्टर उच्च रखने से ऊर्जा की बचत होती है एवं बिजली बिल में कमी तथा खर्च में कमी आती है, लेकिन इसके विपरीत पॉवर फैक्टर निर्धारित सीमा से कम होने पर विद्युत हानि बढ़ती है एवं समान लोड फैक्टर के लिए विद्युत ही प्रमात्रा बढ़ जाती है। विद्युत की प्रमात्रा अधिक होने से ट्रांसफॉर्मर, विद्युत लाइन एवं विद्युत व्यवस्था में लगे अन्य उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना रहती है। पॉवर फैक्टर को निर्धारित सीमा पर बनाए रखने के लिए विद्युत उपकरणों के साथ उपयुक्त क्षमता के कैपेसीटर का प्रयोग आवश्यक होता है।



### *रिपोर्ट से ये बात आई सामने*

*ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्युत देयकों का परीक्षण एवं संबंधित विद्युत संयोजनों का भौतिक सत्यापन किया गया और पाया गया कि उचित क्षमता के कैपेसीटर लगाने पर पर निकाय स्तर पर विद्युत देयकों में 6 से 40 प्रतिशत तक की बचत की जा सकती थी, लेकिन नगरीय निकायों द्वारा विद्युत प्रभारों के प्रबंधन में उदासीनता की वजह से निकायों के विद्युत प्रभारों में वृद्धि हो रही है। इसके साथ ही नगरीय निकायों के वित्तीय भारों में उत्तोरत्तर वृद्धि हो रही है। पेयजल आपूर्ति एवं स्ट्रीट लाइट के विद्युत देयकों के कम पॉवर फैक्टर के कारण अधिक विद्युत खपत एवं कैपेसीटर अधिभार के रूप में अतिरिक्त विद्युत व्यय देना पड़ रहा है।*

## खबर संक्षेप

### रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। उन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

### सुहिणी सोच ने मनाया योग दिवस

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुहिणी सोच संस्था द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में 'योग का करें प्रण, नशामुक्त होगा छत्तीसगढ़' का दशम आयोजन किया गया। संस्थापक मनीषा तारवानी की सहभागिता रही और अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी व सचिव पूनम बजाज ने बताया कि नियमित योग करने से कैसे हम अपने आपको फिट रख सकते हैं! मीडिया प्रभारी कविता नारा ने बताया कि इस प्रोग्राम में पूर्व अध्यक्ष विद्या गंगवानी व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने भी अपनी कार्यकर्ताओं पल्लवी चिमनानी, संगीता पुरी, हर्षा सिंहानी के साथ प्रोग्राम में हुए क्विज कंट्रोल क्विज कांटेस्ट के बखूबी उत्तर दिए।

### मंत्री तोखन ने की साय और डॉ. रमन से मुलाकात

**रायपुर।** राजधानी में प्रवास के दौरान आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर पहुंचकर उनसे भी शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन लिया। राज्यमंत्री श्री साहू से सर्किट हाउस में प्रदेशभर से आए हुए कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग भेंट कर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### चोरी का वाहन बेचने की फिराक में धरे गए दो चोर

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने दो वाहन चोर अरुण साहू उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी समुदायिक भवन के पास सीतानगर गोगांव एवं तेजनारायण उर्फ सोनू साहू निवासी सीतानगर गोगांव को गिरफ्तार किया है। दोनों ने गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी विजय पटले के घर से स्प्लेंडर चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गोगांव के सीतानगर चौक के पास चोरी की उसी गाड़ी को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते पकड़ा। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### सीएचओ की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटेंगे

**बालोद।** जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से अनिश्चिकालीन हड़ताल पर थे। इनके हड़ताल पर होने से प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग के कार्य प्रभावित हुआ। 24 जून को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से चर्चा के बाद समाप्त कर दिया गया। हड़ताली कर्मियों ने चर्चा में अपनी मांग कार्याधारित वेतन (पीएलपी) प्रति माह 15 तारीख तक भुगतान किया जाना तथा लंबित राशि एक सप्ताह में भुगतान करने की मांग की। इसी तरह स्थानांतरण के लिए राज्य स्तर पर पोर्टल डेवलप किया जाएगा।




आयोजन : शासकीय बालक विद्यालय में हुई साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्यगोष्ठी

# नगर में जुटे अंचल के साहित्यकारों ने अपनी कविताओं से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद के तत्वावधान में नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में डॉ अशोक आकाश संयोजक राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद एवं समन्वयक छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के मार्गदर्शन तथा अखिलेश्वर मिश्रा अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम के निर्देशन में साहित्यिक परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल राष्ट्रीय कवि संगम के 75वें जन्मदिवस को अमृत महोत्सव वर्ष के रूप में मनाया गया। साथ ही साथ 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का दिल्ली में स्वरचित काव्यपाठ के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्षा देवांगन एवं वीरेंद्र अजनबी ने किया।

आयोजन समिति की जिला सचिव हर्षा देवाँगन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 25 वर्ष से कम उम्र के युवा साहित्यकारों का स्वरचित काव्य पाठ बच्चों में लेखन शैली विकसित करना तथा साहित्य के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लोकेश्वरी गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत डौंडीलोहारा थीं, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर मिश्रा ने की। वहीं, पार्षद माया ठाकुर, डॉ.अशोक आकाश, देव जोशी गुलाब, डॉ.इकबाल खान तन्हा, जयकांत पटेल, पीलूराम साहू विशिष्ट अतिथि रहे। विकास कुमार साहू कोचेरा गुरूर का चयन दिल्ली के राष्ट्रीय आयोजन में काव्यपाठ के लिए किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश्वर मिश्रा अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम जिला बालोद ने कहा कि राष्ट्रीय कवि संगम राष्ट्रीय स्तर पर धर्म रक्षा तथा राष्ट्र जागरण का कार्य कर रही है हमें नियमित साहित्य साधना करनी चाहिए। डॉ अशोक आकाश अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद ने बताया कि इस वर्ष 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का काव्य पाठ कराया जा रहा है, जिसका आयोजन दिल्ली राष्ट्रीय मंच में किया जाना है।

मुख्य अतिथि लोकेश्वरी साहू नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडीलोहारा ने कहा कि साहित्यिक सम्मेलन होना चाहिए। आप सभी साहित्यकार अपनी साहित्यिक रचनाओं से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि माया ठाकुर, प्राचार्य लूनकरण ठाकुर ने सभी साहित्यकारों को बधाई दी। उन्होंने अपनी रचना में गौ माता के गोबर का महत्व बताया। पीलू राम साहू योग प्रशिक्षक ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए योग करने का संदेश दिया। डॉ. इक़बाल खान वनांचल समिति मोहला ने कहा साहित्य साधकों को गजल लेखने लिए प्रोत्साहित करना चाहिए और अपनी बेहतरीन गजल प्रस्तुत किया। देव जोशी गुलाब जनवादी लेखक संघ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती कविता की प्रस्तुति दी। जयकांत पटेल अध्यक्ष प्रेरणा साहित्य समिति बालोद ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन का चित्रण अपनी कविता के माध्यम से किया।

#### इन्होंने प्रस्तुत की कविता

कार्यक्रम में डॉ. माधवी गणवीर, शंकर शरण,महेन्द्र बघेल,अनिल कसेर उजाला,चन्द्रशेखर उइके, देवश्री बघेल, सत्या मिश्रा,दिनेश राजपूत,लखनलाल कलामें, जसवंत मंडावी,सेवंत देशमुख,भोपत लाल पटेल, जितेन्द्र पटेल,बुटूराम पूर्णे, देवनारायण नगरिहा,कन्हैया लाल बारले, योगेश छत्तीसगढ़िया, बालेश्वर कुमार साहू डॉ.एस.एल.गंधर्व, कृपा राम साहू ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में बालोद जिले की मधुर साहित्य परिषद् एवं प्रेरणा साहित्य समिति,मानपुर मोहला जिले की वनाँचल साहित्य समिति एवं राजनांदगाँव जिले की शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के प्रमुख साहित्यकार उपस्थित थे। मंच संचालन वीरेंद्र अजनबी तथा आभार प्रदर्शन राजेंद्र कुमार देवांगन ने किया।

# विश्व संगीत दिवस पर शिक्षकों ने दी गीत गजल की प्रस्तुति




**बालोद।** नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन द्वारा विश्व संगीत दिवस के अवसर पर संगीत के प्रति रूचि जागृत और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सुर सरगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक साथियों ने सृजनात्मक गतिविधि में शामिल होकर गीत, गजल गायन वादन प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एनटीसीएफ अध्यक्ष अरूण कुमार साहू ने कहा कि संगीत की धुन कला के सांस्कृतिक विरासत एवं परंपरा के साझा अनुभव से लोगों को जोड़ती है। संगीत में भावना को महसूस कर ताजगी एवं सुकून पहुंचाने की शक्ति होती है। उन्होंने जगजीत सिंह, तलत अजीज, चंदन दास के गजलों की बानगी पेश की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ बुशरा परवीन ने कहा कि विश्व संगीत दिवस हमारे लिए संगीत के प्रति समर्पण प्रदर्शित करने का रचनात्मक अवसर है। जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। मुनमुन सिन्हा ने कहा कि संगीत के माध्यम से ही हम जीवन में सुख, शांति, सांत्वना को यादों के सहारे प्राप्त कर सकते हैं।

जगदीश होरा ने अपने गीत के माध्यम से विश्व योग दिवस पर योग के महत्व को प्रस्तुत किया। प्रतिभा त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान में संगीत को तनाव और अवसाद से राहत पहुंचाने वाला सहज सुलभ उपचार बताया गया है। शिवकुमार अंगारे ने कहा कि मधुर संगीत आत्मा की मलिनता को दूर कर देता है। मन के भावों को स्वर के रूप में व्यक्त कर आनंद और उल्लास का वातावरण निर्मित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक रामकुमार प्रजापति, गोरखनाथ ने भी अपने भाव व्यक्त किए।

# आदिवासी महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं वीरांगना दुर्गावती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विधायक कुंवर सिंह निषाद सोमवार को गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पेण्ड्री में छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड महासभा जिला बालोद द्वारा आयोजित वीरांगना महारानी दुर्गावती की 460 वीं बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर समाज की खुशहाली की कामना की। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि रानी दुर्गावती की वीरता को याद करते हुए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को देश भर में मनाई जाती है। रानी दुर्गावती आदिवासी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। अपने हक़ के लिए लड़ने वाली सभी आदिवासी महिलाएं रानी दुर्गावती की कहानियों से प्रेरणा प्राप्त करना चाहिए। गोंड समाज के योगदान को कोई नहीं भुला सकता समाज के लड़कियों को शिक्षित करना आवश्यक है। जो समाज शिक्षित होता है वह आगे बढ़ता है गोंड आदिवासी समाज के कार्यक्रम से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है। आदिवासी समाज के लोग स्वभाव से सरल व सहज होते है गोंड आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाला समाज है।

- गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक निषाद

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोड़ महासभा बालोद प्रेमलाल कुंजाम, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद सोनादेवी देशलहरा, जीतेश्वरी पडोटी, सरपंच खिलेंद्र साहू सहित समाज के पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित थे।

# ओड़ारसकरी शक्तिकेन्द्र में मनाई गई डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि



**गुण्डरदेही।** ओड़ारसकरी शक्तिकेन्द्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, पंकज चौधरी, डॉ देवेंन्द्र यदु, मुकेश जैन, सेवकराम देवागन सहित भाजपा प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# धान बोआई में आई तेजी, खाद की कमी ने बढ़ाई समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंचल में शुरुआती बारिश के साथ ही खेतों में धान की बोवाई का काम तेज हो गया है। मौसम की मेहरबानी का किसान पूरा फायदा उठा रहे हैं और खेतों में धान बोवाई में जुटे हुए हैं।

लेकिन, डीएपी उर्वरक खाद नहीं मिलने के कारण किसान मायूस नजर आ रहे हैं। बारिश के बाद वातावरण अनुकूल है जिसके कारण किसान खेतों की जोताई कर धान की बोवाई कर रहे हैं जिन्हें खाद व बीज की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन, किसानों के लिए सोसायटी केन्द्रों में खाद उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण किसान मायूस नजर आ रहे हैं और मज़बूरी में निजी दुकानदारों से खाद व बीज की खरीदी कर रहे हैं। किसानों की मानें, तो धान बोआई के साथ राखड़ व डीएपी खाद का छिड़काव करने से धान की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और धान के तने व बालियों पर अच्छा असर पड़ता है।

- सोसायटी में पर्याप्त खाद नहीं मिलने से निजी दुकानों से खरीदी बनी मजबूरी

बावजूद सोसायटी केन्द्रों में डीएपी खाद की कमी बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दे रहा है। इसके कारण किसान इफ्को खाद व राखड़ दानेदार की जगह पर पाउडर वाला उपयोग करने को मजबूर हैं।

पेज 11 के शेष

### आपराधिक अधिनियमों में ...

रखने के लिए एवं सामाजिक समस्या के निराकरण के लिए कानून की आवश्यकता होती है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपराधिक कानून में हुए परिवर्तनों को समझना और उनकी प्रभावशीलता पर चर्चा करनी थी। इसमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम में किए गए महत्वपूर्ण संशोधनों पर गहन चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने इन परिवर्तनों के व्यावहारिक पहलुओं और उनके संभावित प्रभावों पर विचार-विमर्श किया।

इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि नए संशोधनों से न्याय प्रणाली में पारदर्शिता और कुशलता बढ़ेगी।/"वर्तमान कानूनों द्वारा दंड के स्थान पर न्याय को वरीयता देने, पुलिस व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, कम्युनिटी पुलिसिंग आदि विषयों पर बात की गयी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये कहा की यह जो वर्तमान में कानून है, वह स्वतंत्रता से पहले बना था जो की ब्रिटिशो के द्वारा बनाया गया था उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तीन नए आपराधिक कानूनों में भारतीय दंड संहिता 1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को अधिसूचित किया गया है।कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्रों ने भी संशोधनों के बारे में अपनी शंकाएं और विचार प्रस्तुत किए।

### कानूनों में बदलाव ...

लोक अदालत में मोटर एक्सीडेंट से संबंधित, प्रीलिटिगेशन प्रकरणों, चेक बाउंस से संबंधित मामलें तथा राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण करने के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया।



## खबर संक्षेप

### 35 हजार चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पर्स से रुपए पार होने का मामला सामने आया है। आरोपी को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 77 पुराना नेहरू नगर ईस्ट निवासी डिकेश्वर साहू कमरा किराए में लेकर दुध का काम करता है। साथ में विजय साहू ,हीरा यादव,डिकेश्वर साहू और दुर्गेश यादव भी काम करते थे। सभी लोग विजय जायसवाल के मकान नेहरु नगर में एक कमरे को किराए में लेकर रहते है। वेतन को बचाकर 35 हजार रुपए अपने पर्स मे रखा था। इस दौरान पीड़ित काम करने जामुल चला गया घर लौटते समय पर्स गायब मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद रुपए की जानकारी नहीं मिलने पर शिकायत किया गया। सूचना पर पुलिस ने ग्राम खर्रा तहसील पाटन निवासी दुर्गेश यादव नामक युवक को पकड़ा गया। उससे पूछताछ करने पर मकान से 35 हजार रुपए पार करना स्वीकार किया। आरोपी से 10 हजार रुपए जब्त किया गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला टीआई राजेश मिश्रा की टीम ने आरोपी को तुरंत ट्रेस किया।

### बाइक की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

**भिलाई।** लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए मोपेड सवार को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में मोपेड सवार की मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि फेकारी निवासी नंद कुमार साहू मोपेड सीजी 07 बीक्यू 9265 में पीछे बैठा हुआ था। जिसे डोमन निषाद चला रहा था। मोपेड से दोनों ग्राम कोकडी से ग्राम धनोरा जा रहे थे। रात खम्हरिया कोकडी मार्ग नहर नाली के पास बाइक 04 जेएफ 6704 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए। मोपेड सवार को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में नंद कुमार के सिर समेत शरीर के अंदरूनी हिस्सों में गंभीर चोट आई। जिसका उपचार के लिए उसे शासकीय अस्पताल दुर्ग ले जाया गया था। जहां डॉ ने मृत घोषित कर दिया।

### 11 स्कूली बसों की जांच में मिली ढेरों खामियां

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ द्वारा अभियान चलाकर जिले के स्कूली बसों की जांच की गई । इस दौरान 15 शैक्षणिक संस्थानों के 98 स्कूल बसे पहुची थी। जिसमें 11 स्कूली बसों में खामियां पाई गई। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि सेक्टर 6 स्थित ग्राउंड में स्कूली बसों का जांच शिविर लगाया गया। 13 स्कूलों के छात्र छात्राओं में परिवहन करने वाले 98 बसों का जांच की गई। शिविर का लक्ष्य छात्र छात्राओं का सुरक्षित परिवहन हो सके। जांच में वाहनों का रजिस्ट्रेशन, परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसो के दस्तावेजो की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेश, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स, वाहन चालक का लायसेंस चेक किया। इसके बाद वाहनो का मैकनिकल फिटनेश भी देखा गया। बसों का हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इन्डिकेटर लाईट, बैक लाईट, मीटर, स्टेरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, क्लच, ऐक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न की स्थिति, वॉयपर आदि को चेक किया गया।

आयोजन : भाजपा ने मनाई जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि

# डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश को एक करने के लिए किया कार्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा शहर मंडल ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा के मार्गदर्शन पर शहर भाजपा द्वारा पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पहले उनके चित्र पर पूजा अर्चना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पार्षद कमलेश सोनी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की। उनके विचारों को लेकर आज तक हम चलते आ रहे हैं। उन्होंने देश में एक विधान और एक प्रधान के नारे को बुलंद किया और इस विचार को लेकर अपनी जान की आहुति तक देश के नाम दे दी। उन्होंने कहा कि आज केंद्र की भाजपा के सरकार ने धारा 370 हटाकर अब हमारे देश में एक प्रधान एक विधान और एक झंडा को लागू किया है। भाजपा के जिला मंत्री अमित चोपड़ा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक विचार थे, एक चिंतक थे, जो सदा देश के लिए सोचते थे। उन्होंने कहा कि डॉ मुखर्जी ने आंदोलन किया ताकि हमारा देश कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक हो सके।

कार्यक्रम में जिला मंत्री अंबिका यादव, पार्षद सरोजिनी साहू, वरिष्ठ नेता रवि पांडे, मंडल कोषाध्यक्ष पंकज आहूजा, मंडल मंत्री प्रदीप कोसरिया, भाजपा नेता अजय बाफना, प्रीतम यादव, सरोजनी साहू, डोमेन्द्र साहू, अमित दुबे, संदीप सिन्हा, कमल बजाज, संजय शर्मा, बिल्ला मनहर, टिकेंद्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शहर महामंत्री नरेंद्र सोनवानी एवं आभार प्रदर्शन गिरजेश गुप्ता ने किया।

## देश भक्तों के सपनों को साकार कर रही है भाजपा



**जामगांव आर।** भरर शक्ति केंद्र में भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। इस अवसर पर जामगांव आर मंडल उपाध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रभारी अंगेश्वर साहू विशेष तौर पर उपस्थिति रहे। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जागेश्वर प्रसाद शुक्ला द्वारा जीवनी पर प्रकाश डाला गया। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्ली के सपनों को साकार करने की दिशा में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता देश हित में कार्य को गति देने के लिए सतत प्रयासरत है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूलमंत्र पर काम कर देश भक्तों की सपनो को मूर्त रूप देने में जुटी हुई है। इस अवसर पर ग्राम भरर के भाजपा कार्यकर्ता अमरु धीवर, विष्णु निर्मलकर, शंकर साहू, नोहर साहू, गोवर्धन साहू, द्रोण चंद्राकर, केशव साहू, भारत चंद्राकर, पुरषोत्तम चंद्राकर, हीरा सिंह, दिनेश नगरिया, अरुण चंद्राकर, नकुल धीवर सहित गामीण उपस्थित थे।



## डॉ मुखर्जी के सपनों को पूरा कर रहे मोदी : जोशी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोलबाजार में मनाई डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोलबाजार में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाते हुये उनका पुण्य स्मरण किया।

सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर तिलक लगाकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री बनाए गए थे उन्हीं के कार्यकाल में खादी ग्रामोद्योग की स्थापना की गई थी। वे कुशल राजनीतिज्ञ, बैरिस्टर और शिक्षाविद थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 समाप्त करने की जोरदार वकालत की थी जिसे भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। डॉ मुखर्जी ने कहा था देश में दो विधान दो निशान नहीं चलेगा। भाजपा मण्डल महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने अपना संपूर्ण जीवन सच्चे देशभक्त के रूप में बिताया वो आजाद भारत के प्रथम बलिदानी थे जिन्होंने कश्मीर को भारत में मिलाने अपने प्राणों की आहुति दे दी। पुरूषोत्तम सिंघानिया ने कहा कि डॉ मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत को परम वैभवशाली बनाने हमें अपने जीवन का कण-कण समर्पित कर देना चाहिये। अनिल सिंघानिया ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने देश के लिये जो सपना देखा था उसे नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर मुकेश सिंघानिया, रोहित भारती, गिरधारी देवांगन, आदर्श जोशी, चंद्रशेखर राजपूत, टीकम अग्रवाल, राहुल छाबड़ा राकेश साहू, पवन सिंह, दामोदर साहू, रामसनेही नामदेव, अब्दुल हमीद खान, भगत कुंभकार, प्रवेश नेताम आदि उपस्थित थे।

### कबीरपंथियों ने राज्यपाल से की भेंट

**अंडा।** सद्गुरु कबीर साहेब प्रकटोत्सव के अवसर पर कबीर पंथी समाज अहिवारा आश्रम के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन रायपुर पहुंचकर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें सद्गुरु कबीर साहब का स्वरूप फोटो एवं कबीर पंथ का अनुराग सागर ग्रंथ, शाल व श्रीफल भेंटकर किए।

## शिवसेना के प्रदेश सचिव बनाए गए दाऊराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने जिले के शिवसेना प्रमुख दाऊ राम चौहान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया। प्रदेश में जिम्मेदारी सौंपी जाने पर जिले के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय में श्री चौहान का जोरदार स्वागत कर प्रदेश प्रमुख का आभार जताया। स्वागत करने वालों में सनत रात्रे, रोहित यादव, वीरू चौहान, दुर्गेश यादव, सुनील रात्रे राजू मानिकपुरी, राहुल चौहान, नेम दास टंडन, ईश्वरी डेहरिया, नंदकुमार बंजारे, कपिल टंडन व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि श्री चौहान की संगठनात्मक कार्यशैली को देखते हुए जिला बेमेतरा, कवर्धा व मुंगेली जिले की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति पर श्री चौहान ने जिले के समस्त शिवसैनिकों साथ साथ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, प्रदेश उप प्रमुख शिवा केसरवानी, कृष्ण यादव, विकास ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

## बच्चों के लिए सहज, सरल और भयमुक्त वातावरण का निर्माण करें: बीआरसी बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण विकासखंड साजा के अंतर्गत परपोड़ी जोन में सेजेस परपोड़ी में सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बीडी बघेल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। बीआरसी बघेल ने कहा कि बच्चों में सीखने की अपार संभावनाएं होती हैं। उन्होंने बच्चों को खेल खेल में पढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मानसिक दबाव में रहकर कार्य न करते हुए रोचक माहौल बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका पर कार्य करने के लिए समझ बनाया गया। डीआरजी मन्नू लाल साहू ने पुस्तकालय का महत्व बताते हुए मुस्कान पुस्तकालय को सक्रिय रूप से संचालित करने के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम को डीआरजी सूरज कुंजाम, डोगेन्द्र कुंजाम, प्रशिक्षण प्रभारी सरोज यदु एवं डीआरजी हुमा नाज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीएसी सह प्रशिक्षण प्रभारी अजय सिंह ठाकुर, तीर्थ कुमार साहू, रामकुमार पाल, कुम्भलाल वर्मा एवं श्रीराम साहू उपस्थित रहे।

## समाज के पदाधिकारियों ने किया बुजुर्ग महिला का सम्मान



**गुण्डरदेही।** ग्रामीण साहू समाज मोंगरी द्वारा सेवा भावी बुजुर्ग महिला श्याम बाई साहू जिन्होंने अपने जीवन काल में अनेक सेवा भावी कार्य विशेष रूप से प्रसव काल में सेवा देती रहीं, उनका सम्मान साहू समाज के पदाधिकारी द्वारा किया गया। जहां पदाधिकारी तहसील साहू समाज के संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, बलराम साहू, भीखाराम साहू, घनश्याम साहू, सरपंच अमेरिका साहू, महिला पदाधिकारी यशोदा साहू, छवि लता साहू उपस्थित थे।

भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने किया आयोजन

## शिक्षा व कला सहित विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए अनेक विभूतियों का हुआ सम्मान





**बालोद।** कबीर जयंती के पावन अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी एवं साप्ताहिक छ.ग साथी का संयुक्त आयोजन गोड़वाना भवन धमतरी में राज्य अलंकरण समारोह, काव्य गोष्ठी कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमे जिले के सदस्य भी सम्मिलित हुए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासंरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि, प्रांताध्यक्ष एवं संस्थापक जीआर बंजारे, कार्यालय सचिव प्रेम सायमन और अन्य लोगों की उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से उपस्थित शिक्षा, कला जगत, साहित्य सेवा, समाज कल्याण, लोक कल्याण, खेल, बाल वीरता, नशा मुक्ति के क्षेत्र में अपनी सेवा प्रदान कर रहे लोगों को भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा विभिन्न पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी कड़ी में ग्राम नेवारीकला निवासी शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू शिक्षक को महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षक रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इन्होंने बाल निशक्त, खेल, स्वास्थ्य, ग्रामोत्थान दलितोत्थान, महिला सशक्तिकरण, नशाबंदी लोककला आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आए बाकी लोगों को भी उत्कृष्ट योगदान देने के लिए अलग अलग पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर दास और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के छाया चित्र में माला अर्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया गया। जिसमे प्रांताध्यक्ष ने बताया कि हम लगातार पिछले 24 साल से लोगों को अलग अलग विधाओं में सम्मानित करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहता है।

क्षेत्रीय विधायक ने चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्यकर्ताओं का जताया आभार

# पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं : अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



सोमवार को नगर के कांग्रेस भवन में क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़िया कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने पहुंचीं। उन्होंने कुशलक्षेम पूछा और हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की बड़ी लीड के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आपने लोकसभा चुनाव में उत्साह व ऊर्जा से मेहनत किया व अपने प्रत्याशी को डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में लीड दिलाई, वह काबिले तारीफ है। अपनी ऊर्जा व उत्साह को इसी प्रकार बनाए रखना है, क्योंकि आगे नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव भी होने हैं। हालांकि अभी इस चुनाव में कुछ समय है, परन्तु हमें अभी से तैयारी में जुट जाना है। श्रीमती भेड़िया ने कहा कि अच्छे व योग्य प्रत्याशियों को चुनाव में उतारना है, जिससे वह अपने वार्ड व क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर कर सके। वार्ड स्तर पर ग्यारह लोगों की टीम बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि ये ग्यारह लोग वार्ड के उपयुक्त प्रत्याशी का चयन करें। उन्होंने कहा कि भले ही हम विपक्ष में बैठे हैं, परन्तु क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं रखेंगे। किसी भी समस्या के लिए के लिए मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

### कार्यकर्ताओं ने भी रखे सुझाव

प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की बात कही। ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने संगठन स्तर की बातों को पटल पर रखा। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी संगठन मजबूती के लिए विभिन्न सुझाव रखे। इस अवसर पर हस्तीमल सांखला, अनिल लोढा, गोपाल प्रजापति, लोकेश्वरी साहू, माधव गिरी गोस्वामी, प्रकाश शर्मा, मेघनाथ साहू, गणेशराम रात्रे, नेतराम भांडेकर, राजाराम तारम, संजय गुप्ता, फरीद सिद्दीकी, राजेन्द्र निषाद, उत्तम ठाकुर, दामेश्वर देशमुख, गुलाब भन्साली, झुमुक परसाई, तुलाराम नायक, दिलीप बघेल, अनिता साहू, अशोक चनाप, झुमुक कोसमा, मंजू यादव, चंद्रशेखर चुरेन्द्र, देवनारायण साहू, रवि साहू, गोपीनारायन साहू, जागेश्वर दर्रो, इसहाक खान, लोकनाथ निषाद, लक्ष्मी भोयर, राजेश्वरी ठाकुर, रूमन दुबे, रवि इंदौरिया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

